एकल स्त्रोत उपापन सूचना

# राजस्थान परिवहन निगम, मुख्यालय, जयपुर

परिवहन मार्ग, मुख्यालय, जयपुर, 302001

फोन नं. 0141–2373043/एक्स. 240, ईमेल आईडी. rsrtc.dop@gmail.com

कमांकः– मुख्या/एफ–354/कार्मिक/प्र.सु./2024/240 दिनांकः– 21.11.2024

श्री राजेश कुमार शर्मा,
सेवानिवृत अतिरिक्त निजी सचिव,
प्लॉट न. 154, सेक्टर–6,
विधाधरनगर जयपुर–302039

विषयः– राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 17 (1) के अन्तर्गत राजस्थान परिवहन निगम में सलाहकार के पद पर प्रस्ताव आमंत्रित करने बाबत।

राजस्थान परिवहन निगम में वर्तमान में मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों एवं विधानसभा/केन्द्र सरकार से प्राप्त पत्रों व निगम द्वारा तैयार किये जाने वाले गोपनीय प्रस्ताव आदि कार्यो का प्रभावी मोनिटरिंग समयबद्ध रूप से कार्यो को पूर्ण करवाया जाकर प्रबन्ध निदेशक महदोय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

आप राजस्थान परिवहन निगम में अतिरिक्त निजी सचिव के पद से सेवानिवृत हुए है। निगम मे उक्त कार्य के लिये निजी सचिव प्रबन्ध निदेशक महोदय के अधीनस्थ सलाहकार के पद पर आप जैसे अनुभव व्यक्ति की आवश्यकता हैं। आपका कार्यकाल निगम में एक वर्ष अथवा नियमित अधिकारी उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो। सलाहकार पद के लिये जॉब चार्ट सलंग्न है। आपकी सेवा के लिये राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा रूपये 36,600/– (अक्षरे रूपये छत्तीस हजार छः सौ) प्रतिमाह सलाहकार फीस देय होगी।

अतः उक्त प्रस्ताव पर प्रबन्ध निदेशक महोदय के अधीनस्थ सलाहकार के रूप में कार्य करने हेतु आपकी सहमति तीन दिवस में प्रस्तुत करे।

उक्त सक्षम स्तर से अनुमोदित है ।

संलग्नः– सलाहकार हेतु जॉब चार्ट

21.11.24

(चाँद मल वर्मा)
कार्यकारी निदेशक(प्रशासन)

कमांकः– मुख्या/एफ–354/कार्मिक/प्र.सु./2024/240 दिनांकः– 21.11.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1 स्टाफ ऑफिसर, अध्यक्ष महोदया, रा.रा.प.प. निगम मु. जयपुर।
2 निजी सचिव प्रबन्ध निदेशक महोदय, रा.रा.प.प. निगम मु. जयपुर।
3 वित्तीय सलाहकार, रा.रा.प.प. निगम मुख्यालय जयपुर
4 नोडल अधिकारी, प्रोक्योरमेन्ट एन्टीटी, राजस्थान परिवहन निगम, मुख्यालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि राज्य लोक उपापन पोर्टल (SPPP) पर निविदा आमंत्रित करने वाली उपर्युक्त सूचना को अपलोड करावें ।
5 उप महा प्रबन्धक (आई.टी.),राजस्थान परिवहन निगम,मुख्यालय, जयपुर को भेजकर लेख है कि बोर्ड की वेबसाईट पर अविलम्ब अपलोड करावें ।
6 श्री राजेश कुमार शर्मा, सेवानिवृत अतिरिक्त निजी सचिव, प्लॉट न. 154, सेक्टर–6, विधाधरनगर जयपुर–302039
7 नोटिस बोर्ड, रापनि, मुख्यालय, जयपुर
8 निजी पत्रावली।

उप महा प्रबन्धक (प्रशासन)

# जॉब चार्ट

1 प्रबन्ध निदेशक कक्ष में प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण पत्रों के त्वरित कार्यवाही कराने हेतु सम्बन्धित शाखाओं से मोनिटरिंग कराने का कार्य।

2 प्रबन्ध निदेशक कक्ष से सम्बन्धित अन्य राजकीय कार्यो की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करना।

3 महत्वपूर्ण पत्रादि के बारे मे जानकारी कर उच्च प्रबन्धन को अपटेड करना।

4 प्रबन्ध निदेशक महोदय की अध्यक्षता में होने वाली मीटिंग के लिये सम्बन्धित शाखा यथा आई टी शाखा, केयर टेयर शाखा से कार्यवाही करवाना।

21.11.22

कार्यकारी निदेशक (प्रशासन)